आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-94 कटनी ● शुक्रवार, 7 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख कृष्ण पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## रन-वे पर फिसला विमान



**ग्वालियर।** कोरोना संक्रमितों की जान बचाने के लिए रेमडेसिविर इंजेक्शन लेकर आने वाला राज्य सरकार का विमान विमानतल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि विमान दुर्घटनाग्रस्त किस वजह से हुआ है। विमान को उड़ाने वाले तीन सदस्यीय चालक दल के सदस्य घायल हो गए हैं।

## टीम इंडिया का ऐलान आज



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच इंग्लैंड में टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल मुकाबला अगले माह होना है। फिलहाल इसके लिए 18 से 22 जून तक की तारीख निर्धारित है और इंग्लैंड के साउथैम्पटन में दोनों देशों के बीच ICC की ओर से पहले टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल मैच को आयोजन होगा। ऐसे में इस महामुकाबले के लिए चयनकर्ता आज टीम इंडिया का चयन कर सकते हैं।

# कोरोना ने बदल दी भारत की 16 साल पुरानी नीति

**नई दिल्ली।** महामारी कोरोना वायरस पिछले एक साल से भारत में तबाही मचा रहा है। देश में पिछले कई दिनों से साढ़े तीन लाख से ज्यादा नए कोरोना मरीज मिल रहे हैं। महामारी के तांडव के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। अस्पताल ऑक्सीजन, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कमी का सामना कर रहे हैं। इसके बाद भारत ने विदेशी सहायता प्राप्त करने की अपनी नीति में 16 साल बाद बड़ा बदलाव किया है। इस बदलाव के बाद उसने विदेश से मिलने वाले उपहार, दान एवं सहायता को स्वीकार करना शुरू किया है। साथ ही चीन से भी चिकित्सा



उपकरण खरीदने का फैसला किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि कोरोना महामारी की मार के चलते विदेशी सहायता प्राप्त करने के संबंध में दो बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। भारत को अब चीन से ऑक्सीजन से जुड़े उपकरण एवं जीवन रक्षक दवाएं खरीदने में कोई समस्या नहीं है। वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान ने भी भारत को मदद की पेशकश की है। जहां तक पाकिस्तान से सहायता हासिल करने का सवाल है, तो भारत ने इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया है। सूत्र ने बताया कि राज्य सरकारें विदेशी एजेंसियों से जीवन रक्षक दवाएं खरीद सकती हैं, केंद्र सरकार उनके रास्ते में नहीं आएगी।

### मनमोहन सिंह ने की थी घोषणा, नहीं लेंगे विदेशी मदद

दिसंबर, 2004 में आई सुनामी के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने घोषणा करते हुए कहा, हमारा मानना है कि हम खुद से इस स्थिति का सामना कर सकते हैं। यदि जरूरत पड़ी तो हम उनकी मदद लेंगे। मनमोहन सिंह के इस बयान को भारत की आपदा सहायता नीति में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा गया। इसके बाद आपदाओं के समय भारत ने इसी नीति का पालन किया।

### 20 देश मदद के लिए आगे आए

कोरोना महामारी की मार झेल रहे भारत की मदद के लिए करीब 20 देश आगे आए हैं। भूटान ने ऑक्सीजन की आपूर्ति करने की पेशकश की है। अमेरिका अगले महीने एस्ट्राजेनेका के टीका भेज सकता है। इस समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, आयरलैंड, बेल्जियम, रोमानिया, लक्जमबर्ग, पुर्तगाल, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया, भूटान, सिंगापुर, सऊदी अरब, हांगकांग, थाइलैंड, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, नार्वे, इटली और यूएई मेडिकल सहायता भारत भेज रहे हैं।

### केरल बाढ़ के वक्त यूएई ने की थी मदद की पेशकश

वर्ष 2018 में केरल में आई बाढ़ के समय भी भारत ने विदेशों से कोई सहायता स्वीकार नहीं की थी। केरल सरकार ने केंद्र को बताया कि यूएई ने 700 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की पेशकश की है, लेकिन केंद्र सरकार ने किसी भी तरह की विदेशी सहायता लेने से इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि राहत एवं पुनर्वास की जरूरतों को वह अपने तरीकों से पूरा करेगा। इससे पहले केदारनाथ कश्मीर बाढ़ तथा भूकंप में भी भारत ने किसी से मदद नहीं ली थी

### आत्मनिर्भर छवि बनाने को बंद की थी विदेशी सहायता

भारत अपनी उभरते ताकतवर देश और अपनी आत्मनिर्भर छवि पर जोर देता आया है। 16 साल पहले मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार ने विदेशी स्रोतों से अनुदान एवं सहायता न लेने का फैसला किया था। इससे पहले, भारत ने उत्तरकाशी भूकंप (1991), लातूर भूकंप (1993), गुजरात भूकंप (2001), बंगाल चक्रवात (2002) और बिहार बाढ़ (2004) के समय विदेशी सरकारों से सहायता स्वीकार की थी। 16 साल बाद विदेशी सहायता हासिल करने के बारे में ये निर्णय नई दिल्ली की रणनीति में बदलाव है।

## कोरोना के डबल वैरिएंट से बढ़ीं मौतें, डॉ. गुलेरिया बोले- वैक्सीन इस पर भी असरदार



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि वायरस के अलग-अलग म्यूटेशन का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। यूके और डबल वैरिएंट की वजह से मरीजों की मृत्यु में इजाफा भी हुआ है। इनके जरिए संक्रमण की गंभीरता का पता चलता है। राहत की बात है कि नए वैरिएंट पर वैक्सीन असरदार है। ऐसे में जरूरी है कि न सिर्फ भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार वैक्सीन के पेटेंट पर एकाधिकार नहीं होना चाहिए। ऐसा करने से हम काफी अधिक मात्रा में वैक्सीन का उत्पादन कर सकते हैं। अधिक से अधिक लोगों को संक्रमण के खतरे से बाहर ला सकते हैं। डॉ. गुलेरिया ने कहा कि इस वक्त में ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की आवश्यकता है। देश में संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में हमें भी ज्यादा तैयार रहने की जरूरत है। इसलिए लोगों को सतर्क रहना पड़ेगा।

# 1 जून को केरल तट पर पहुंचेगा मानसून

**नई दिल्ली।** देश में रोज तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण की बुरी खबर के बीच मौसम विभाग ने एक अच्छी खबर दी है। मौसम विभाग ने बताया है कि इस साल मानसून निर्धारित समय पर 1 जून को केरल से टकरा जाएगा और देश के कई राज्यों में अच्छी बारिश होने की पूरी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून अपने निर्धारित समय से केरल के तटीय क्षेत्र तक पहुंचेगा और किसानों के लिए आगामी फसल वर्ष के शानदार फसल उत्पादन होने की उम्मीद है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. राजीवन ने बताया कि मानसूनी हवाएं उसी के अनुरूप चल रही हैं। मौसम विभाग अब 15 मई को मानसूनी हवाओं की चाल, बादलों में जल की मात्रा और देश के किन हिस्सों में कितनी बारिश होगी इसको लेकर एक रिपोर्ट जारी करेगा। मौसम विज्ञानियों के पूर्वानुमान के अनुसार चालू सीजन में



देश के 75 फीसद भूभाग में बारिश करने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून इस वर्ष पूरी तरह सामान्य रहेगा। ऐसे में यह उम्मीद जताई जा रही है कि देश के 75 फीसद हिस्से में जून से लेकर सितंबर के बीच अच्छी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञानियों ने अनुमान जताया है कि जून से सितंबर के बीच सक्रिय रहने वाले मानसून सीजन में कुल 103 फीसद बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रशांत महासागर में बीते साल से ही ला नीना की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में अच्छी बारिश होने की संभावना ज्यादा होती है। साथ ही इस बार पूरे मानसूज सीजन में अल नीनो प्रभाव के संकेत भी नहीं मिल रहे हैं।

### देश के इन राज्यों में कम हो सकती है बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी क्षेत्र के मैदानी भागों और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में पूरे सीजन में कम बारिश की आशंका है, वहीं पूर्वी राज्यों बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में औसत से अधिक बरसात होने का पूर्वानुमान है।

# देश में तीसरी बार 24 घंटे में 4 लाख से ज्यादा केस, 3920 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर का कहर थम नहीं रहा है। बीते 24 घंटे में फिर चार लाख से अधिक कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। देश में तीसरी बार ऐसा हुआ जब 24 घंटे में चार लाख से अधिक कोरोना संक्रमित मिले हैं। कोरोना वायरस के मामले हर दिन देश में एक नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में गुरुवार को (24 घंटे में) कोरोना संक्रमण के 414,433 नए मामले मिले हैं। जब से कोरोना महामारी शुरू हुई है तब



से अभी तक देश में कोरोना संक्रमण के कुल मामले करीब 2,14,84,911 हो गए और मृतकों की संख्या 2,30,168 हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोरोना महामारी से अभी तक 35,66,398 लोग ठीक हो चुके हैं, जो संक्रमण के कुल मामलों का 16.92 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर गिरकर 81.99 प्रतिशत हो गई है।

## क्विक अपडेट



### यूपी के विधायक बहादुर कोरी का कोरोना से निधन

**रायबरेली।** सलोन विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक और एक बार समाज कल्याण राज्य मंत्री रहे दल बहादुर कोरी का लखनऊ के एक अस्पताल में गुरुवार की देर रात निधन हो गया। बताया जाता है कि वह कोरोना से पीड़ित थे। इलाज के बाद में ठीक हो गए थे, लेकिन इसके बाद उनकी हालत सुधरने के बजाय बिगड़ती गई। राजमिस्त्री से लेकर विधायक तक पूरा कियाौ।

### संगीतकार वनराज भाटिया का निधन

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध संगीतकार वनराज भाटिया का शुक्रवार सुबह मुंबई में अपने आवास पर निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। भाटिया दिल्ली विश्वविद्यालय में संगीत के पांच साल तक रीडर भी रहे। श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत करने वाले वनराज भाटिया देश के पहले संगीतकार रहे जिन्होंने विज्ञापन फिल्मों के लिए अलग से संगीत रचने की शुरूआत की।

### राजस्थान में लॉकडाउन

**जयपुर।** कोरोना की दूसरी लहर में रोजाना 4 लाख के करीब नए मामले सामने आ रहे हैं, जिनको देखते हुए राज्य सरकारें लगातार सख्ती बढ़ा रही हैं। राजस्थान सरकार ने राज्य में 10 से 24 मई तक सख्त लॉकडाउन का ऐलान किया है। मेडिकल सेवाओं को छोड़कर परिवहन में रोक लगा दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की केंद्र की याचिका हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लगाई थी गुहार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से कर्नाटक हाईकोर्ट के पांच मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। आज सुप्रीम कोर्ट में इस याचिका पर सुनवाई होनी थी लेकिन कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने पांच मई को ऑक्सीजन सप्लाई को लेकर एक आदेश जारी किया था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि केंद्र को कर्नाटक राज्य के लिए ऑक्सीजन सप्लाई बढ़ाकर 1200 मीट्रिक टन प्रतिदिन कर देनी चाहिए। बता दें कि कर्नाटक राज्य को 965



मीट्रिक टन ऑक्सीजन सप्लाई होती है। इस पर केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने आज खारिज कर दिया है।

### केंद्र सरकार ने अबतक मुफ्त में राज्य सरकारों को दीं 17.35 करोड़ वैक्सीन की खुराकें

स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने अबतक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 17.35 करोड़ खुराकें मुफ्त में दे दी हैं। वहीं 90 लाख से ज्यादा खुराकें अभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास उपलब्ध हैं।

# जनता का फैसला मानें और हमें काम करने दें

## शपथ के बाद ममता का केंद्र पर तीखा हमला

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद को संभालते ही ममता बनर्जी ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के फैसले को स्वीकार करें और हमें कोविड के प्रति काम करने दें। गुरुवार को ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री बंगाल आकर सांप्रदायिक दंगो को और आग दे रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि हम आपसे अब झगड़ा नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बुधवार को सुबह 10.45 पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और शाम सात बजे तक केंद्र की ओर से एक पत्र मिल गया। उसमें लिखा गया था कि गुरुवार सुबह केंद्रीय टीम बंगाल पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि क्या कभी केंद्रीय टीम ऑक्सीजन और वैक्सीन की कमी के बारे में जानकारी लेने आई? ममता बनर्जी ने कहा कि हम आशा करते हैं कि केंद्रीय टीम हाथरस सामूहिक





दुष्कर्म के मामले और दिल्ली, उत्तर-प्रदेश में हुई हिंसा के मामले में भी इतनी तेजी दिखाती। ममता बनर्जी ने चुनाव नतीजों के बाद हिंसा में मारे गए 16 लोगों के परिवारों को दो लाख रुपये देने का एलान किया है।

### एमके स्टालिन ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ





तमिलनाडु में द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन ने आज (7 मई) चेन्नई में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके अलावा मंत्रिमंडल में 33 सदस्य शामिल हुए। इनमें अनुभवी और वरिष्ठ नेता दुरईमुरुगम के अलावा करीब 12 नए सदस्य पहली बार मंत्री बने। राजभवन की ओर से बताया गया कि स्टालिन द्वारा सौंपी गई मंत्रियों और उनके विभागों की सूची को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने मंजूरी दे दी।

## हिमाचल का लाहौल बना देश का मॉडल

# 131 दिन में नहीं हुई किसी संक्रमित की मौत





**लाहौल।** बर्फ से लकदक रोहतांग दर्रे के इस ओर बसे हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में पिछले 131 दिनों में एक भी जिले के बाशिंदे की मौत नहीं हुई है। यह सब तब है जब प्रदेश समेत देश में कोरोना से मौतों और मामलों को नित नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। लाहौल जिले में 26 दिसंबर 2020 से पहले कोरोना से अब तक मात्र 12 लोगों की मौत हुई है। 13वीं मौत 16 अप्रैल को जिला कांगड़ा के निवासी की मंडी के नेरचौक मेडिकल कॉलेज में हुई जो कुछ दिन पहले ही लाहौल आया था। कोरोना महामारी को मात देने में जनजातीय जिला प्रदेशभर में अव्वल चल रहा है। इस कारण जिले के लोगों की जागरूकता और सख्ती से नियमों का पालन करवाना है। जिला में स्वास्थ्य विभाग ने 23916 लोगों के कोरोना के टेस्ट किए हैं। 2036 लोग कोरोना संक्रमित हुए हैं जिसमें 1724 लोग ठीक हो चुके हैं। अब तक 13 लोगों की कोरोना से मौत हुई है।

# मंत्री जोड़ रहे हाथ डॉक्टर नहीं तैयार

## इंदौर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पूर्णिमा गाडरिया के इस्तीफे का मामला गरमाया

**इंदौर।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पूर्णिमा गाडरिया के इस्तीफे का मामला गरमा गया है। उनके समर्थन में डाक्टर बिरादरी भी उतर गई है। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर कर्मचारियों ने संभागायुक्त से मिले और अपनी पीड़ा सुनाई। उनका कहना था कि कलेक्टर मनीष सिंह लंबी-लंबी बैठकें लेकर हमें सार्वजनिक तौर पर प्रताड़ित करते हैं। फील्ड में जाने के बजाए हमारा समय बैठकों में ही गुजर जाता है। हमें बेइज्जत होना अब सहन नहीं हो रहा। यदि शुक्रवार सुबह तक कलेक्टर को सरकार ने नहीं हटाया तो जिले के स्वास्थ्यकर्मी सार्वजनिक इस्तीफे देंगे। उधर स्वास्थ्यकर्मियों के लामबंद होने के बाद शहर मंत्री तुलसी सिलावट व आला अधिकारी आंदोलन का मन बना चुके डाक्टरों को मनाने की कोशिश में जुटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से कहा कि दोनों पक्षों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह मामला सुलझ जाएगा।



### कलेक्टर के साथ काम करना मुश्किल

गुरुवार शाम को इस्तीफा दे चुकी डॉ.गाडरिया के साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य अधिकारी संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे व उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि कोरोनाकाल में स्वास्थ्य विभाग का अमला प्रशासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन कर रहा है। इसके बावजूद बैठकों में स्वास्थ्य विभाग के प्रथम श्रेणी स्तर के अधिकारियों से कलेक्टर सिंह अंसदीय भाषा का उपयोग कर प्रताड़ति करते है। ऐसी स्थिति में उनके साथ काम करना अब मुश्किल हो गया है और उनके इस तरह के व्यवहार से कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है। यदि मंगलवार सुबह 8 बजे तक कलेक्टर को नहीं हटाया गया तो अधिकारी कर्मचारी काम नहीं करेंगे और सामूहिक इस्तीफे देंगे। यदि किसी अफसर पर द्वेषपूर्ण कारवाई की गई तो स्वास्थ्यकर्मी आंदोलन करेंगे।

# शव दफनाकर लौट रहे एक पक्ष के लोगों पर दूसरे पक्ष ने बरसाई गोलियां, तीन की मौत, पांच घायल



**रूड़की।** रूड़की के खेड़ी खुर्द गांव में जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कब्रिस्तान से शव दफनाकर लौट रहे एक पक्ष के लोगों पर दूसरे पक्ष ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोली लगने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग भी घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसपी और एसपी देहात ने भी गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसएसपी ने बताया कि गांव में तनाव को देखते हुए एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ फायरिंग करने वालों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, लक्सर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ी खुर्द गांव में दो पक्षों के बीच पिछले कुछ दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि खेत में मेढ़ को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के दो युवक घायल हो गए। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें मेडिकल के लिए भेज दिया। इसी दौरान एक पक्ष के लोग परिवार की एक महिला का शव दफनाकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे दूसरे पक्ष के घर के पास पहुंचे तो उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।





# शादी के दिन दुल्हन को हुआ कोरोना, पीपीई किट पहन एक-दूजे के हुए

**वेब डेस्क।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के लाट गांव में एक शादी समारोह में उस समय हड़कंप मच गया जब दुल्हन की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आ गई। राजस्थान के बीकानेर से गांव में बरात भी पहुंच गई थी। कोरोना संक्रमित दुल्हन ने पीपीई किट पहनकर शादी रचाई। दूल्हे और शादी कराने वाले दोनों पक्षों के पंडितों ने भी पीपीई किट पहनी। शादी संपन्न होने के बाद बरात बिना दुल्हन के ही लौट गई। दुल्हन को घर में ही आइसोलेट किया गया है।जिले के लाट गांव निवासी स्व. कुंदन सिंह लटवाल और हंसी लटवाल की पुत्री विनीता उर्फ विमला लटवाल की शादी बीकानेर (राजस्थान) के भूपेंद्र से तय हुई थी। बुधवार को गांव



में महिला संगीत भी संपन्न हो गया था। बृहस्पतिवार को लाट गांव में बरात आनी थी। सुबह कोविड अस्पताल बेस से जैसे ही दुल्हन के परिजनों को फोन गया तो वहां हड़कंप मच गया। पता चला कि दुल्हन विनीता की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।इसी दौरान दुल्हन के दरवाजे पर बीकानेर से बरात भी पहुंच गई। दुल्हन के कोरोना संक्रमित निकलने से वहां रंग में भंग पड़ गया। दुल्हन विनीता ने पीपीई किट पहनकर दूल्हे भूपेंद्र के साथ सात फेरे लिए।दूल्हे समेत शादी कराने वाले दोनों पक्षों के पंडितों ने भी पीपीई किट पहनी। शादी समारोह घर से कुछ दूरी पर एक खेत में संपन्न कराया गया। शादी में इन चारों के अलावा आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं रहा।

## अर्जुन जाट व अरविंद सिंह ने टोक्यो ओलंपिक में रचा इतिहास



**ठोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक से भारत के लिए बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, अर्जुन जाट और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी ने टोक्यो ओलंपिक के लिए नौकायन की पुरुष युगल स्कल्स स्पर्धा में भाग लेने के लिए क्वालीफाई किया है। यह जोड़ी एशिया ओशिनिया कॉन्टिनेंटल रेगाटा इवेंट में दूसरे स्थान पर रही थी।

# 14 हजार किसानों से खरीदा 1 लाख मीट्रिक टन गेहूं

## 5 हजार किसानों को उपज का भुगतान, 75 प्रतिशत गेहूं का परिवहन

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के बीच जिले के 88 केन्द्रों पर किसानों से गेहूं की खरीदी का कार्य किया जा रहा है। खरीदी के दौरान राज्य सरकार ने किसानों को संक्रमण से बचाने के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए कहा है लेकिन जिले के उपार्जन केन्द्रों पर नियमों की खुलेआम अव्हेलना की जा रही है। केन्द्रों पर न तो सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया जा रहा है और न ही संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। अधिकारियों द्वारा किए जा रहे निरीक्षण के बाद भी व्यवस्थाएं पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है।



रबी उपार्जन के तहत जिले में गेहूं की खरीदी के लिए 88 खरीदी केन्द्र स्थापित किये गये हैं। जिनमें विगत 1 अप्रैल से 25 मई तक गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। इन निर्धारित खरीदी केन्द्रों में जिले भर में 52 हजार 124 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। 88 क्रियाशील खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 6 मई तक 1 लाख 912 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। वहीं अब तक 14 हजार 771 कृषकों द्वारा अपनी उपज का विक्रय किया गया है, जिसमें से 5 हजार 616 कृषकों को उनकी उपज का भुगतान भी कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि कुल खरीदी का 75 प्रतिशत 75 हजार 984 एमटी गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है। जिले में गेहूं उपार्जन के लिये 52 हजार 124 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिन्हें एसएमएस के माध्यम से निर्धारित दिवसों में खरीदी केन्द्र बुलाकर सोशल डिस्टेन्स और कोरोना से बचाव की सावधानियों के साथ गेहूं की खरीदी की जा रही है। स्वीकृति पत्रक 55 हजार 623 एमटी का तैयार किया गया है। जिले में उपार्जन कार्यों की मॉनीटरिंग भी सतत् रुप से की जा रही है। जिसमें राजस्व, खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा निरन्तर भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में कार्य का जायजा लिया जा रहा है। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी गेहूं खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इसके अलावा कई केन्द्र ऐसे हैं, जहां पर किसानों की उपज रखने का इंतजाम तक नहीं है। किसान अपनी उपज लेकर कई कई दिन तक केन्द्रों में रहते हैं लेकिन उपनकी उपज नहीं खरीदी जा रही है।

### गेहूं की खरीदी पर एक नजर

| | |
|---|---|
| जिले में खरीदी केन्द्र | 88 |
| जिले में पंजीकृत किसान | 52124 |
| अब तक की गई खरीदी | 100912 एमटी |
| कितने किसानों ने बेची उपज | 14771 |
| किसानों को भुगतान | 5616 |
| गेंहू का परिवहन | 75984 एमटी |

# नीलेश अग्रवाल और संप्रदा जैन ने कोरोना को दी मात

### स्वस्थ्य होकर महावीर कोविड केयर सेंटर से हुये डिस्चार्ज

**कटनी।** जिले में कोरोना के संक्रमण से बचाव और कोविड पॉजीटिव मरीजों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने हर स्तर पर प्रयास जारी हैं।



जिसमें शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक व अन्य संगठन भी अपनी सक्रिय सहभागिता के साथ ही इस लड़ाई में अपना योगदान दे रहे हैं। इन्ही प्रयासों के अब सार्थक परिणामें भी सामने आने लगे हैं। जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराकर मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इसमें मरीजों के मनोबल और चिकित्सीय सेवाओं के दम पर लोग स्वस्थ्य होकर अपने घर भी सकुशल पहुंच रहे हैं। इन्ही में शामिल हैं, नीलेश अग्रवाल और संप्रदा जैन, जिन्होने कोरोना को मात दी। गुरुवार को महावीर कोविड केयर सेंटर से दोनो स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुये। जिसके बाद सकुशल अपने परिवार के बीच भी पहुंचे हैं। इन सभी का उपचार महावीर कोविड केयर सेन्टर में चल रहा था। जहां उन्हें चिकित्सीय परामर्श, दवायें और अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई गईं। जिसके सार्थक परिणामों के तहत आज ये दोनों सकुशल स्वस्थ्य होकर अपने-अपने घरों की ओर रवाना हुये।



# स्टेशन में कराया सोशल डिस्टेसिंग का पालन

### दूसरे शहरों से कटनी आए यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग



**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा कोविड-19 कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु नागरिकों को शासन द्वारा जारी गाईड लाईन से आम नागरिकों को अवगत कराकर आवश्यक सावधानियों को अपनाने की अपील की जाकर संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। निगम प्रशासन द्वारा सहयोगी संस्था के माध्यम से रोजाना नगर के सार्वजनिक स्थलों में रोजाना जनजागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जाकर नागरिकों को संक्रमण से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है। सहयोगी संस्था द्वारा कल प्रातः पुरानी कचहरी स्थित वैक्शीनेशन केन्द्र एवं कटनी साउथ स्टेशन में रोको-टोको अभियान के माध्यम से आने जाने वाले यात्रियों, नागरिकों को संक्रमण से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करने, आपस में दो गज की दूरी बनाने तथा साबुन से हांथों को धुलने अथवा सैनेटाईजर का उपयोग करनें की अपील की गई। सहयोगी टीम के सदस्यों द्वारा वैक्शीनेशन सेंटर पुरानी कचरहरी स्थल में आनें वाले लोगों को क्रमबद्ध तरीके से किया जाकर केन्द्र की अन्य व्यवस्थाओं के संचालन में सहयोग प्रदान किया गया।

## कड़ाई से करें जनता कर्फ्यू का पालन, प्रभावी रूप से चलाएं किल कोरोना अभियान

# 15 मई तक सब कुछ बंद कर दें, तोड़ दें संक्रमण की चेन







**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की जनता से आव्हान करते हुए कहा है कि कोरोना मानवता पर बड़ा संकट है। कोरोना को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय संक्रमण की चेन तोड़ना है। यह कार्य सभी के सहयोग के बिना संभव नहीं है। हम लंबे समय तक बंद नहीं रख सकते, जन-जीवन सामान्य भी करना है। आगामी 15 मई तक सब कुछ बंद कर दें। जनता कर्फ्यू का कड़ाई से पालन करें और संक्रमण की चेन तोड़ दें। शादी विवाह आगे बढ़ा दें। जिस गांव में एक भी कोरोना मरीज है, वहां मनरेगा के कार्य बंद कर दें। मुख्यमंत्री ने इस कार्य में सभी के सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोरोना को समाप्त करने के लिए गांव-गांव, शहर-शहर में किल कोरोना अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर सर्वे कर मरीजों की पहचान कर उनका तुरंत इलाज प्रारंभ किया जा रहा है, शहरी क्षेत्रों में कोविड सहायता केंद्र बनाए जाकर वहाँ जाँच, मेडिकल किट वितरण आदि की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीब, आम आदमी, मध्यमवर्गीय व्यक्तियों को भी कोरोना का निःशुल्क इलाज तुरंत उपलब्ध कराएगी। इसके लिए सरकार कल से ही योजना प्रारंभ कर रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पैकेज घोषित किया जा रहा है। निजी अस्पतालों के साथ सरकार अनुबंध करेगी। सीटी स्केन आदि जांचें भी निःशुल्क होंगी। यह बात मुख्यमंत्री ने आमजन को वीसी के माध्यम से संबोधित करते हुये कही। कटनी से एनआईसी के वीसी कक्ष से वीसी के माध्यम से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे भी शामिल हुये। अब वह चौदहवें स्थान पर आ गया है। प्रदेश का साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 19.8 प्रतिशत है, वहीं रिकवरी रेट बढ़ कर 85.13 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश में ऑक्सीजन की आपूर्ति पर्याप्त हो गई है। बेड्स की संख्या बढ़कर 63 हजार से अधिक हो गई है। आईसीयू बेड्स भी बढ़ाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों की तरह जनपद पंचायतों में भी क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप गठित किए जाएं, जिसमें विधायक, एसडीएम, सीईओ जनपद, समाजसेवी आदि हों। विधायक इस कार्य का नेतृत्व करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में बाहर से आने वाले व्यक्तियों को बिना जांच एवं क्वारंटाइन किए अंदर न आने दें। इस तरह मेरा गांव कोरोना मुक्त गांव और मेरा क्षेत्र कोरोना मुक्त क्षेत्र बनाएं।

### सीएम ने की घोषणा : पात्रता पर्ची नहीं, तब भी मिलेगा निःशुल्क राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर गरीब को निरूशुल्क राशन उपलब्ध करा रही है। प्रत्येक गरीब को 10 किलो निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। इसके लिए पात्रता पर्ची, अंगूठे की छाप देना, आधार नंबर देना आदि की कोई जरूरत नहीं है। ग्रामीण एवं शहरी पथ विक्रेताओं को एक-एक हज़ार रुपये की राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने ऐसे लोगों को जो कि दवाओं आदि की कालाबाज़ारी कर रहे हैं, जनता से ज्यादा पैसे ले रहे हैं, सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि में जनता को लूटने वालों को छोड़ूंगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में यदि कोरोना की तीसरी लहर आती है, तो उसके लिए भी हेल्थ इंफ्रा तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा रहे हैं, सीटी स्केन आदि मशीनें लगाई जा रही हैं। प्रदेश में 95 नए ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वह जनता का मनोबल बढ़ायें।

# दुनिया को करके बेचैन, चले गए कुंवर बेचैन

**गीतकार डॉ कुंवर बेचैन के निधन ऑनलाइन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**

**कटनी।** गीतकार डॉ कुंवर बेचैन की स्मृति में ऑनलाइन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर एवं अंचल के कवियों की उपस्थिति में किया गया। साहित्य मनीषियों द्वारा अपनी पंक्तियों के माध्यम से डॉ कुंवर बेचैन के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हास्य व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर मनोहर मनोज ने कहा कि इस तरह वो कभी मेरे अंदर रहा, एक नदिया के भीतर समुंदर रहा। गीतकार अनिल खम्परिया ने कहा कि इस दौर में अपनों की हाजरी ही बहुत थी, पर आपका यूं जाना ही बेचैन कर गया। वरिष्ठ गीतकार रामनरेश विधार्थी ने कहा कि कविता की आंखे सजल गीतों का सुख चैन, खुशबू लेकर की गए कुंवर बेचैन। जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष रामदयाल गुप्ता ने कहा कि खुद तो बेचैन नहीं थे, पर हमें बेचैन कर गये, कमी इतनी खले उनकी कि हमें मौन कर गये। गीतकार विष्णु बाजपेयी ने कहा कि जिस की लहरें तरबतर करती थी। कविता से हमें, आज वह साहित्य का सागर हमी से दूर है। हास्य व्यंग्य कवि रमाकान्त निगम ने डॉ कुंवर बेचैन की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि बदरी बाबुल के अंगना जइयो, जइयो बरसियो कहियो हम हैं, तुम्हरी बिटिया की अंखियां। गजलकार गोकुल जाटव प्रसाद ने कहा कि तन्हा रहकर के भला किसको नींद आती है, दिल में बेचैनी हो तो कुछ नहीं सुहाता है। हास्य कवि शरद जायसवाल ने कहा कि उसके सीने पे चंद बुलबुले देखे, अभी.अभी कोई जहाज डूबा है। शंभु सोनी ने श्रद्धा सुमन डॉ. कुँवर बेचैन की पंक्तियों से ही पढ़कर अर्पित किया कि तिनके अगर चुभने लगे, पंछियों को फिर कहां पर ठौर है। जगदीश प्यासी ने कहा कि दुनिया को करके बेचैन चले गए कुंवर बेचैन, घनीभूत हुआ अंधियारा दिवस भी लागे रैन। शेख धीरज ने कहा कि ख्यातिलब्ध कवि बेचैन का निधन, श्रद्धा सुमन अर्पित हैं ले आहत मन। राम लखन सिंह चौहान ने कहा कि जल रही एड्रियों की बिबाई कंधे चिलक रहे हैं, फिर भी उठाए बोझ देखो वो चल रहे हैं। अनिल मिश्र ने कहा कि पूंजी रही पसीने की बस हर खर्चे के बाद बढ़ी है। आए दिन है साढ़ेसाती अमर बेल सी रोज चढ़ी है। शिवानंद पटेल ने कहा कि विद्वजनों की लेखनी कभी न माने हार, कैसे कह दूं कलम से एतेज रही तलवार। राजकुमार महोबिया ने कहा कि मंगरे कागा भजे राम.नाम के बोल, नव प्रभात द्वारे खड़ा घर की खिड़की खोल।

### आईजी से सम्मानित हुए बरही टीआई



विजयराघवगढ़। राज्य शासन के निर्देशन में कोरोना महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय जबलपुर में पुलिस महानिरीक्षक भगवत सिंह चौहान द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसील क्षेत्र बरही, विजयराघवगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बधाई दी है।

# आधा सैकड़ा क्षेत्रों को बनाया माइक्रो कंटेनमेंट जोन

**एसडीएम एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर ने जारी किया आदेश**




**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कोविड–19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पाजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र/भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट क्षेत्र के बैनर लगाकर साफ सफाई, कीटनाशक दवा का छिडकाव एवं सैनेटाइजेशन की कार्यवाही निरंतर की जा जारी है। विगत दिवस 5 मई 2021 को नगर के विभिन्न वार्डो के 23 स्थलों में माईक्रो कंटेनमेन्ट जोन निर्धारित कर एसडीएम एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर श्री रमन द्वारा आदेश जारी किया गया है। इनमें विवेकानंद वार्ड लखेरा पाण्डेय गली, कावस जी वार्ड स्थित भीमराव चैक, जगजीवन राम वार्ड पाण्डेय का बगीचा, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित सांईपुरम एवं चार खम्भा के पास, जगजीवन राम वार्ड एस.के.पी कॉलोनी में दो स्थलों में, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर के तीन स्थलों मे तथा सांई सर्वोदय स्कूल के पीछे, रोशन नगर तलैया के पास दो स्थलों, बाबू जगजीवन राम वार्ड बजरंग कॉलोनी के दो स्थलों एवं बाबू जगजीवन राम वार्ड की गली नंबर दो में दो स्थलों, एस.के.पी रोड न्यू रेल्वे कॉलोनी, गली नंबर 7 के पूर्वी भाग, जगमोहनदास वार्ड स्थित नई बस्ती एवं अन्य दो स्थलों, राजीव गांधी वार्ड अशोक कॉलोनी क्षेत्र में माइक्रो कंटेनमंट क्षेत्र निर्धारित कर क्षेत्र में बैनर, सैनेटाईजेशन एवं कीटनाशक दवा के छिडकाव का कार्य किया गया। इसके साथ ही 4 मई 2021 को नगर के पांच स्थलों में माईक्रो कंटनेमेन्ट क्षेत्र घोषित करते हुये एसडीएम एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर श्री रमन द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसमें वीर सावरकर वार्ड जंगल दफ्तर पानी की टंकी के पास, महात्मा गांधी वार्ड गांधी गंज, जगमोहन दास वार्ड, जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती रधुनाथ गंज वार्ड शामिल हैं। निगम के कार्यालय अधीक्षक के निर्देशन में निगम के उपयंत्रियों से संकलित जानकारी अनुसार एसडीएम बलबीर रमन द्वारा विगत 03 मई 2021 को नगर के विभिन्न 22 स्थलों में माईक्रो कंटेनमेन्ट जोन निर्धारित किया गया है। जिसमें छपरवाह रोड मंगल नगर, सी.एल.पी. पाठक वार्ड भट्ठा मोहल्ला, वंशस्वरूप वार्ड, राम कृष्ण परमहंस वार्ड मॉ दुर्गा मेडिकल के पीछे एवं छपरवाह, वंशस्वरूप वार्ड द्वारिका सिटी,राम जानकी हनुमान वार्ड तिलक कॉलेज गेट के पास क्षेत्रों को माइक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। जहां बैनर लगाकर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया गया।

# मैं कोरोना वॉलेंटियर, जीतेंगे हम, हारेगा कोरोना

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के प्रसार का रोकने शासन द्वारा मैं कोरोना वालेंटियर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्वयं सेवको ने वेक्सीनेशन स्वयंसेवक, चिकित्सा सुविधा स्वयंसेवक, मास्क जागरुकता स्वयंसेवक, मोहल्ला टोली संगठक के रुप में सेवाएं देने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। जन अभियान परिषद् में कोरोना वालंटियर अभियान के अंतर्गत सभी विकासखण्ड स्तर पर में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए कोरोना वालंटियर अपने ग्रामीण क्षेत्र में कोरोना रोकथाम हेतु जन जागरुकता कार्य सतत् रुप से कर रहे हैं। जिसमें दीवार लेखन, मास्क वितरण, वेक्सिनेशन के लिये लोगों को जागरुक करने सहित स्थानीय आवश्यकता अनुसार स्वा प्रेरणा से कार्य में जुटे हुये हैं। साथ ही सार्थक लाइट एप का उपयोग कर वालेंटियर द्वारा अपनी गतिविधि की फोटो अपलोड भी अपलोड की जा रही हैं। अब तक जिले में 128 वॉलेन्टियर्स ने जन जागरुकता कार्य दीवार लेखन, मास्क वितरण, वेक्सिनेशन हेतु लोगों को जागरुक करने वाली फोटो एवं वीडियो अपलोड किये है।

जिसमें विकासखण्ड बहोरीबंद पथडारी पिपरिया से प्रस्फुटन समिति के मनोज रैदास मैं कोरोना वालेंटियर द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपने ग्राम में 163 घरों में जा कर दीवारों पर कोरोना रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी चस्पा कर घर पर ही रहने की सलाह दी गई है। साथ ही ग्राम पंचयात के रोजगार सहायक नितीन विश्वकर्मा के साथ सहयोग

**कोरोना से इस लड़ाई में लोगों को जागरुक कर रहे वॉलिटिंयर्स**




कर मनरेगा में चल रहे कार्य में हाथ धुलाई एवं मास्कों वितरण कर कोरोना रोकथाम हेतु सलाह दी जा रही है। ग्राम लेगरी में प्रस्फुटन समिति के सदस्यह में करोना वालेंटियर में पंजीयन कर सुखदेय सोनी, अनुरुद्ध सोनी, चन्द्रलभान चौधरी द्वारा ग्राम में दीवार लेखन के माध्यक से एवं वेक्सिनेशन हेतु जन जागरुकता कार्य कर रहे है। उसी प्रकार से ग्राम इमलिया से प्रगति अग्रवाल, कल्हैयाखुर्द से कमल सिंह और बहादुर सिह, ग्राम मोहतरा में मुकेश कुमार लोधी, ग्राम महगवां रामपाटन से प्रदुम्न यादव, शिवा लोधी, हेमराज यादव, ग्राम कौडिया से सुरेन्द्र चक्रवर्ती, अखिलेश यादव ग्राम पडवार से विजय हल्दकार, सतीश हल्दकार, ग्राम गाताखेडा से अजय सोनी, डाली सिंह सोलंकी, ग्राम सुपेली से अरविंद चौधरी ग्राम रामपुर में आस्था गर्ग, श्वेता गर्ग, ग्राम देवरी से जितेन्द्र यादव, ग्राम किरहाई पिपरिया में रामकुमार, ग्राम तेवरी में आर.आर.टीम. के साथ मैं कोरोना वालेंटियर एवं डायमंड क्लब तेवरी संस्था के अजय गर्ग द्वारा आपातकालीन स्थिति में कोरोना पाँजीटीव व्यक्ति को होम क्वॉरेंटाइन कराने में मदद कर अपनी सेवा दे रहे है।

मैं कोरोना वॉलिंटियर्स अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर पंजीकृत वॉलिंटियर्स को अपने क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य के दौरान उपयोगी आवश्यक सावधानियां एवं जन सामान्य को जागृत करवाने हेतु आवश्यक जानकारियां वर्चुअल ट्रेनिंग के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हे। जैसे मास्क का प्रयोग, हाथों को साबुन या अल्कोहल युक्त सेनेटाइजर से सेनेटाइज करना, वेक्सीनेशन से संबंधित सही जानकारी और उसके लाभ बताना, एवं प्रमाणित माध्यमो से प्राप्त जानकारियों पर ही विश्वास करना व सोशल मीडिया के माध्यम से उचित जानकारियों को पहुचना जैसे अहम बिंदुओं पर वॉलेंटियर्स को जानकारी दी जा रही है।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शुक्रवार, 07 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# सेवा भारती कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर का शुभारम्भ



**कटनी।** सेवा के साथ संस्कार और समरसता की भावना को लेकर समाज के प्रति निरन्तर नि:स्वार्थ भावना से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के सामाजिक सहयोग से सेवा भारती कार्य कर रही है। इसी श्रृंखला में कोरोना महामारी के इस दौर में सेवा कार्य के निमित्त कटनी सेवा भारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर स्थित विवेकानंद सभागार में 50 बेड का कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर का शुभारम्भ जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे द्वारा किया गया है।

इस अवसर पर राजकुमार जैन प्रांत गौ सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बलवीर रमन एसडीएम, संदीप श्रीवास्तव तहसीलदार, किशोर ओचानी सचिव सेवा भारती की उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलित कर कोविड सेंटर का शुभारम्भ किया गया एवं अतिथियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। कोविड केयर सेंटर में ऐसे व्यक्ति जो कोरोना वायरस पॉजिटिव हैं और जिनके घर में होम आइसोलेशन की व्यवस्था नहीं है तथा प्राथमिक तौर पर जिन्हें ऑक्सीजन, इलाज की शीघ्र आवश्यकता है, उन्हें स्वस्थ होने तक सेंटर में रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सेंटर में 50 में से 15 बेड ऑक्सीजन युक्त हैं। कोविड सेंटर में डॉ विनीता वर्मा, डॉक्टर तनु पांडे, नर्सिंग स्टाफ में कविता पारधी, सपना पटले, साधना पटले पूरे समय मौजूद रहेंगी। सेवा भारती के सदस्यों द्वारा अल्पाहार, भोजन, दूध, पंजीयन के साथ ही बाहरी पूरी व्यवस्थाओं का जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, साथ ही पेशेंट के साथ आए हुए अटेंडेंस की भी की चिंता की जावेगी। उक्त कोविड केयर सेंटर आज प्रारंभ हो गया है, जो जिला प्रशासन के गाइड लाइन निर्देश के अनुसार कार्य करेगा। यहां पर मरीजों की भर्ती जिला चिकित्सालय द्वारा की जाएगी। मरीज को जिला चिकित्सालय में जाकर पर्ची काटकर प्रारंभिक जांच के बाद मरीज की स्थिति के अनुसार ही इस सेंटर में रेफर किया जाएगा।

# कोरोना से मृत लोगों के परिजनों को मिले 4 लाख की आर्थिक सहायता

## सहायता राशि नहीं मिली तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी कांग्रेस

**कटनी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखकर कोरोना संक्रमण से मृत व्यक्तियों के परिवारों को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने बतलाया है कि मप्र राजस्व पुस्तक परिपत्र की कंडिका 6-4 में यह प्रावधान है कि प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य दुर्घटनाओं से मृत होने वाले व्यक्ति के परिवारों को 4 लाख की आर्थिक सहायता दी जावेगी, चूंकि कोरोना कोविड 19 को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जा चुका है और यह एक प्राकृतिक आपदा है। जिसे कि राजस्व पुस्तक की कंडिका 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा माना जाना चाहिए। श्री जैन ने यह भी बतलाया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र की कंडिका 6-4 में अभी तक कोविड-19 संक्रमण को प्राकृतिक आपदा माना जाने के लिए संशोधन नहीं किया गया है, जिसके कारण मृत व्यक्तियों के परिवारों को आर्थिक सहायता राशि प्राप्त नहीं हो रही है। अविलंब उक्त प्रावधान में संशोधन किया जाए ताकि प्रभावित व्यक्तियों के परिवारों को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि मिल सके। श्री जैन ने यह भी कहा है यदि शीघ्र ही शिवराज सरकार आवश्यक कानूनी प्रावधान कर प्रभावित व्यक्तियों के परिवारों को आर्थिक सहायता राशि नहीं देगी तो उनके द्वारा इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में एक जनहित याचिका प्रस्तुत की जावेगी।



# कटनी सेवा समिति ने किया सेनेटाईजेशन

**कटनी।**

कटनी सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में लगातार सेनेटाईजेशन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस निमिया निमिया मोहोल्ला, थाना एनकेजे, खिरहनी पेट्रोल पम्प, मदन मोहन चौबे वार्ड, मिशन चौक मेन रोड, शेर चौक, सराफा बाजार, गाटर घाट रोड, आजाद चौक रोड एवं महाकाल गली को सैनिटाइज किया गया, जिसमें सुनील यादव, अंकित बर्मन की भूमिका रही। सेनेटाईजेशन के लिए लोगों ने कटनी सेवा समिति एवं संचालक हितेंद्र स्वर्णकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## केरकेट्टा को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का प्रभार

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कार्यालयीन कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनुभाग कटनी क्रमांक 2 लाजरुस केरकेट्टा को कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी का प्रभार आगामी आदेश तक के लिये सौंपा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

# प्लाज्मा मशीन की मांग ने जोर पकड़ा

## एनएसयूआई और युवक कांग्रेस ने की लाइसेंस के लिए आवेदन करने की मांग



**कटनी।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू मिश्रा अंशू, युवक कोंग्रेस नेता रौनक खंडेलवाल, कटनी ब्लड डोनर्ज सोसायायटी अध्यक्ष लोकेश टीनू सचदेवा ने सीएमएचओ के नाम पत्र प्रेषित कर डीसीजीआई केन्द्र सरकार से ब्लड कम्पोनेंट एमप्रेसिस मशीन हेतु लाइसेन्स प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की है। जानकारी देते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू मिश्रा अंशू ने बताया की करोना में प्लाज्मा की महत्वता को देखते हुए 18 अप्रैल को मप्र के समस्त स्वस्थ विभागों में कटनी जिला अस्पताल में एमप्रेसिस मशीन लगाने की मांग की गई थी, जिस पर विगत 3 मई को ब्लड बैंक मप्र प्रभारी रूबी खान का जवाब प्राप्त हुआ है, जिसमे उन्होंने बताया है कि उक्त मशीन हेतु जिला अस्पताल कटनी को डीसीजीआई केंद्र सरकार से लाइसेन्स प्रक्रिया को पूरा करना होगा, साथ ही उन्होंने बताया की इसके हेतु ट्रेंड डॉक्टर, पेथॉलॉजिस्ट एवं जगह का भी मापदंड पूरा करना होगा, तब जाकर इसका लग पाना सम्भव होगा, साथ ही मशीन लगने हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेज उनके द्वारा दिए गए। जिसकी प्रति जिला अस्पताल में आवेदन के साथ जमा करवाकार हमारे द्वारा प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया है, जिससे जनता को जबलपुर न जाना पड़े व कटनी में ही मरीजों को इसका लाभ मिल सके।





# पुलिस लाइन में उपनिरीक्षक को दी गई श्रद्धांजलि

**कटनी।** पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक में स्व. नरेश पटेल को पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में पदस्थ कार्यवाहक उप निरीक्षक नरेश पटैल उम्र 61 वर्ष मूलतः ग्राम खिन्नी थाना गोसलपुर जिला जबलपुर के निवासी थे। सन 1981 में जिला सिवनी में आरक्षक के पद पर भर्ती हुये थे। जिसके बाद जबलपुर में भी आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ रहे हैं। वर्तमान में श्री पटेल जिला कटनी में तैनात थे। लगभग विगत दो वर्षों से वह पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय जबलपुर में कटनी जिले की अपराध डायरियों के कंप्युटरीकरण के कार्य में संलग्न थे। ड्यूटी के दौरान नरेश पटेल कोरोना वायरस के संक्रमण से संक्रमित हुये थे, जिसके बाद उनका इलाज लाईफ मेडिसिटी हास्पिटल जबलपुर आगा चौक में चल रहा था। इलाज के दौरान के 6 मई की सुबह लगभग 4 बजे उनका निधन हो गया। मौके पर मौजूद परिजनों से चर्चा करते हुये कोरोना प्रोटोकाल के तहत दिवंगत नरेश पटैल का जबलपुर पुलिस के सहयोग से जिला जबलपुर में अंतिम संस्कार किया गया।

## कोरोना संक्रमण से जबलपुर में निधन से पुलिस विभाग में शोक

# दुर्घटना में घायल गौमाता की एसपीएफजी ने बचाई जान

**कटनी।** सड़क दुर्घटना में घायल एक गौमाता का तत्काल उपचार कर उसकी जान बचाने का कार्य संजय पाठक फ्रेण्ड्स ग्रुप द्वारा किया गया है। जिसकी सराहना की जा रही है। बताया जाता है कि अमरैयापार वार्ड नंबर 15 निवासी अक्षय ठाकुर का संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप कैमोर के अध्यक्ष एवं गौमाता उपचार केंद्र के सदस्य शुभम चतुर्वेदी के पास फोन आया कि एक गौमाता जिसका एक्सीडेंट हुआ था और गौमाता के पैर में गंभीर चोट है, उसका पैर दुर्घटना में पूरी तरह से घायल हो चुका है। वो दर्द से तड़प रही है। शुभम चतुर्वेदी ने पशु चिकित्सक श्री लखेरा को कॉल करके उनको तत्काल आने का आग्रह किया। लॉकडाउन के चलते शुभम चतुर्वेदी के आग्रह पर पशु चिकित्सक श्री लखेरा ने 30 मिनट के अंदर पहुंचकर गौमाता का वहां के रहवासियों एवं अक्षय ठाकुर की सहायता से गौमाता का सम्पूर्ण इलाज किया। गौमाता को 4 इंजेक्शन एवं गोली दवाई दी गई तथा उसके पैर में मलहम सहित प्लास्टर बांधकर उसको खड़ा किया गया, जिससे गौमाता को काफी राहत मिली, वहां के रहवासियों ने पशु विभाग के डॉ. लखेरा एवं पशु प्रेमी शुभम चतुर्वेदी का धन्यवाद दिया।



# कोरोना महामारी में भी भाजपा कर रही राजनीति

## मौत के मुंह में समा चुके लोगों की चिंता छोड़ धरने पर बैठी भाजपा



**कटनी।** देश में ऑक्सीजन, रेमडेसिवर इंजेक्शन एवं अस्पतालों में बेड दवाइयों की कमी के खिलाफ अगर भाजपा धरने पर बैठती तो मैं भी उनके साथ अव्यवस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन में भाग लेता। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए शवों को इंतजार करना पड़ रहा है। अंतिम क्रिया हेतु लकड़ी की समस्या है और सामग्री तक नहीं मिल रही है। ऐसी स्थिति भाजपा राजनीति से बाज नहीं आ रही। कोरोना संक्रमण ना फैले, इसके लिए पूरा प्रदेश लाक डाउन है। नागरिक एक जगह एकत्र न हो, इसलिए 144 धारा लगी है और आश्चर्य की बात है कि ऐसी परिस्थिति में भी भाजपा के लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री चौहान ने भाजपा पर आरोप लगाया कि प्रदेश में इलाज, बेड, ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाइयों व इंजेक्शन के अभाव में रोज लोगों की जान जा रही है। मुक्तिधाम-कब्रिस्तान शवों से भरे पड़े हुए है। हजारों लोग अभी तक मौत के मुंह में समा चुके है लेकिन भाजपा को उनकी चिंता नहीं, कभी दो आंसू उनके लिये नहीं बहाये, कभी उनके लिये धरने पर नहीं बैठे। ज्ञात है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा करारी हार से बौखला गई है नतीजों के बाद हिंसा की घटना पर भाजपा तूलमूल कांग्रेस पर हिंसा का आरोप लगा रही है जबकि पश्चिम बंगाल नये मुख्यमंत्री शपथ तक केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल व इलेक्शन कमीशन के आधीन चल रहा था। उन्होंने भाजपा नेताओं से कहा कि कोरोना महामारी आपदा के समय राजनीति छोड़कर देश के नागरिकों के हित में काम करें। जनता के लिये भाजपा के लोग कब धरने पर बैठेंगे, उनके दुःख में कब सहभागी बनेंगे।

# कहीं सेनेटाईजेशन तो कहीं दवाओं का छिड़काव





**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था एवं संक्रमण मुक्ति हेतु रोजाना किये जा रहे प्रयासों के तहत विगत रात्रि नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई के साथ आज प्रातः 5 बजे से नगर के अस्थाई सब्जी मंडी स्थलों की सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग एवं सोशल डिस्टेंसिंग हेतु निर्धारित दूरी पर चूने के गोले बनानें का कार्य, पन्ना मोड से सांई मंदिर तक रोड एवं डिवाइडर की सफाई बस स्टेण्ड परिसर, मिशन चैक, घंटाघर प्वाइंट, रधुनाथ गंज जैन मंदिर झंडा बाजार के पास, कावस जी वार्ड भीमराव चैक से विवेकानंद चैक, बरगवां ओव्हर ब्रिज मार्ग एवं डिवाईडर की सफाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मेन बाजार की सार्वजनिक सडकों की सफाई की जाकर विभिन्न संक्रमित स्थलों में कीटनाशक दवा के छिड़काव का कार्य किया गया। नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू रहे इस हेतु डोर टू डोर कचरे के संग्रहरण का कार्य भी अनवरत जारी रखा जाकर प्रत्येक वार्डो में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर कचरा वाहनों में लगे वाहनों के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव हेत आवश्यक सावधानियों को अपनानें तथा घरों का कचरा निगम के कचरा वाहनों में देने की अपील की जा रही है। नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बाल गंगाधर तिलक वार्ड इंदिरा नगर गली नबर 5 की सफाई कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती, संजय वंशकार के सामने, शमशान भूमि रोड मंजू वंशकार के सामनें वाली नाली, श्यामा प्रयाद मुखर्जी वार्ड भुमिया बस्ती की नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ बनानें के प्रयास किये गए।

## डोर टू डोर कचरा संग्रहण, संक्रमण से बचने किया जा रहा प्रेरित

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर





# कोरोना संक्रमण बढ़ा तो वैक्सीनेशन कम

## टारगेट पूरा करने जुटा स्वास्थ्य विभाग, अब तक 38% वैक्सीनेशन, 344860 को लगना था टीका

**यश भारत पड़ताल**

कटनी। जनवरी के महीने में बड़े उत्साह से शुरू हुआ वैक्सीनेशन अभियान अब औपचारिक बनकर रह गया है। हर दिन टारगेट से काफी कम लोग टीका लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। पहले जहां टीकाकरण केन्द्रों में लोगों की भीड़ उमड़ती थी तो वहीं कई केन्द्रों में न तो कतार लग रही है और न ही लोग वैक्सीन लगवाने के लिए आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित टीकाकरण केन्द्रों में तो सन्नाटा पसरा हुआ है। अब जबकि कोरोना संक्रमण बढ़ा हुआ है तो वैक्सीनेशन कम हो रहा है। आलम यह है कि जिले में अभी तक लक्ष्य से 38 प्रतिशत ही वैक्सीनेशन हो पाया है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि अगले कुछ दिनों में वैक्सीनेशन की रफ्तार बढ़ जाएगी। विभाग द्वारा माइक्रो प्लान तैयार किया गया है, उसी के हिसाब से काम किया जा रहा है।

इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक लक्ष्य के अनुसार 3 लाख 44 हजार 860 लोगों को टीका लग जाना था, लेकिन अब तक केवल 1 लाख 31 हजार 583 लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया है, जो सरकार द्वारा निर्धारित किए गए टारगेट का 38 प्रतिशत है। इसमे फर्स्ट डोज लगवाने वालों की संख्या की तुलना में सेकेंड डोज लगवाने वालों की संख्या काफी कम है। वैक्सीनेशन की रफ्तार धीमी होने के पीछे जो कारण निकलकर सामने आए हैं, उसमे जिले में अचानक कोरोना संक्रमण बढ़ना, वैक्सीन लगवाने के बाद लोगों का पॉजीटिव होनो, वैक्सीन की कमी और लोगों में जागरूकता का अभाव शामिल है, जबकि राज्य सरकार के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन के प्रति लगातार जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, इसके बावजूद जिले में अब तक केवल 1 लाख 31 हजार 583 लोगों को ही वैक्सीन लग पाई है। जिले की जनसंख्या की बात करें तो अब तक करीब 10 प्रतिशत लोगों का ही वैक्सीनेशन हो पाया है।

**जनवरी के महीने में था उत्साह, अब लोगों में नहीं दिख रही जागरूकता**

### जिले में वेक्सीनेशन पर एक नजर

| केटेगरी | फर्स्ट डोज | सेकेंड डोज |
|---|---|---|
| हेल्थ केयर वर्कर | 6798 | 5310 |
| फ्रंट लाइन कोरोना वारियर्स | 4128 | 2456 |
| 18 से 44 वर्ष | 192 | -- |
| 45 से 60 वर्ष | 56572 | 2637 |
| 60 वर्ष से ऊपर | 49150 | 4340 |
| 6 मई को वैक्सीनेशन | 199 | 615 |
| योग | 116840 | 14743 |
| कुल योग | 131583 (लक्ष्य से 38 प्रतिशत) | |

### 1 लाख 16 हजार को फर्स्ट डोज तो 14 हजार 743 को लगी सेकेंड डोज



आंकड़ों की बात करें तो जिले में अब तक 1 लाख 31 हजार 583 लोगों को वैक्सीन लगाई ज चुकी है। जिसमे 1 लाख 16 हजार 840 को फर्स्ट डोज और 14 हजार 743 को सेकेंड डोज दी गई है। इसमे 6798 हेल्थ केयर वर्कर को फर्स्ट डोज, 5310 को सेकेंड डोज, 4128 फ्रंट लाइन कोरोना वारियर्स को फर्स्ट डोज, 2456 को सेकेंड डोज, 18 से 44 वर्ष के लोगों 192 लोगों को फर्स्ट डोज, 45 से 59 वर्ष के 56 हजार 572 को फर्स्ट डोज एवं 2637 को सेकेंड डोज दी गई है। इसी तरह 60 वर्ष से ऊपर के 49 हजार 150 को फर्स्ट डोज एवं 4 हजार 340 को सेकेंड डोज दी गईहै। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने माइक्रो प्लान तैयार किया है। जिसके मुताबिक 15 तक वैक्सीनेशन किया जाएगा। बुकिंग करवाने वाले लोगों को अलग-अलग दिन की टाइमिंग दी गई है।

### इनका कहना है

वैक्सीनेशन की रफ्तार हर दिन बढ़ रही है। यह बात सही है कि पहले लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा था। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और वालिटिंयर्स काम कर रहे हैं। अब 18 से 44 वर्ष तक वैक्सीनेशन शुरू किया गया है। लोगों में उत्साह भी देखा जा रहा है।

**-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**

### कल 814 ने लगवाई वैक्सीन


जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में 6 मई को 814 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। जिसमे 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 82 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 315 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 19 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 282 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 7 हेल्थकेयर वर्कर्स को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है, साथ ही 5 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 11 को सेकेण्ड डोज का कोविड 19 टीका लगाया गया है। 18 वर्ष 44 वर्ष आयुवर्ग के 93 लाभार्थियों का कोविड 19 वेक्सीनेशन भी बुधवार को किया गया है।

### आज एक केन्द्र पर वैक्सीनेशन

कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। 45 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति टीकाकरण करवा सकता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज 7 मई को जिले में केवल एक स्थान पुरानी कचहरी परिसर में कोविड-19 वेक्सीनेशन किया जा रहा है। जिसमे 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के लिए वेक्सीनेशन नहीं किया जा रहा है।

# कोरोना के साथ बढ़ रही विवाह की तिथियां

## कई जोड़ों की पिछले एक साल से टल रही शादी, एक साल बाद फिर बढ़ी तारीख



**कटनी।** कई ऐसे जोड़े हैं जिनकी शादी पिछली मई में होना थी लेकिन कोरोना के चलते हो नहीं पाई। अब दूसरी मई भी आ गई लेकिन कोरोना है कि जाने का नाम नहीं ले रहा है। पहले शादी के लिए कोरोना कम होने का इंतजार किया। सोचा कि कोरोना का संक्रमण थोड़ा कम हो जाये तब करेंगे। कुछ ने जैसे तैसे हिम्मत बांध कर ठंड में कर भी ली लेकिन कई ऐसे थे जो शादी में कोई समझौता करना नहीं चाहते थे। तो बस आगे बढ़ाते गए शादी की तारीख की जब स्थितियां सुधरेंगी तब करेंगे शादी। पर उन्हें क्या पता था कि स्थिति सुधरने की बजाय और बिगड़ जाएंगी और शादी फिर आगे बढ़ाना पड़ेगी।

### साथ ही नहीं दे रहीं परिस्थितियां

उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह निवासी रघुनाथ शुक्ला ने बताया कि उनके घर में नई पीढ़ी की पहली शादी बेटे की शादी से शुरू होना है। पिछले एक साल से शादी टल रही है। अब क्योंकि पहली शादी है तो सभी के बहुत अरमान हैं शादी को लेकर। पर परिस्थितियां साथ ही नहीं दे रहीं। आने वाली जून में तारीख निकली है। अब देखिए क्या होता है। लड़की वाले भी परेशान हैं कि एक साल हो गया रिश्ता तय हुए लेकिन शादी नहीं हो पा रही है।

### किसे बुलाएं और किसे छोड़े का असमंजस

ठीक इसी तरह शिवधाम कालोनी निवासी रवि उरमलिया के घर में भी बेटे की शादी होना है लेकिन कोरोना के कारण बनी स्थितियों के कारण शादी हो ही नहीं पा रही है। पहले तो कम से कम 50 लोगों को बुला सकते थे पर अब तो और 10 ही लोग शामिल हो सकते हैं। ऐसा कैसे हो सकता है। हम तीन भाईयों के परिवार को मिला लें तो 12 लोग हो जाते हैं। अब किसे छोड़े और किसे बुलाएं।



# ट्रक की ठोकर से पलटी ट्रेक्टर ट्राली, एक मृत मौत, चालक गंभीर

## जबलपुर बायपास मार्ग पर हादसा

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत जबलुपर बायपास मार्ग पर गुरूवार की शाम अज्ञात ट्रक की ठोकर लगने से तेज रफ्तार ट्रेक्टर की ट्राली पलट गई। जिसके कारण ट्राली के नीचे दबकर उसमें सवार एक 44 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में ट्रेक्टर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। कुठला टीआई विपिन सिंह ने बताया कि ट्रेक्टर मालिक संजय दुबे कल शाम ट्राली में टमाटर लोड करके जबलपुर से कटनी की तरफ आ रहा था। उसी दौरान जबलपुर बायपास मार्ग पर रेल पुलिया के ऊपर अज्ञात ट्रक की ठोकर से ट्रेक्टर की टमाटर लोड ट्राली पलट गई। जिससे ट्राली के नीचे दबकर मझौली थाना अंतर्गत कोनीकला निवासी 44 वर्षीय मुकेश सिंह राजपूत की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना के समय ट्रेक्टर चला रहा संजय दुबे घायल हो गया। संजय को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी ने समझाई पौधों की अहमियत

## जन्मदिन व शादी की सालगिरह में लोग करने लगे पौधारोपण

**कटनी।** कोरोना के दौरान हर कोई ऑक्सीजन की कमी को महसूस कर रहा है। कई लोगों की जान जा रही है उन्हें सही वक्त पर ऑक्सीजन नहीं मिलने से। इन सारी घटनाओं को देखते हुए लोग अब पौधे लगाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। यदि पर्याप्त मात्रा में पेड़, पौधे लगाए जाएं तो स्थितियां इस तरह से खराब नहीं होंगी। लोग पहले भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगा रहे थे, अब जब लोगों को पौधों की अहमियत और उनसे मिलने वाली ऑक्सीजन का महत्व समझ में आ रहा है। तब लोग और अधिक मात्रा में पौधों का रोपण कर रहे हैं। सिर्फ इन्हें लगाना ही नहीं बल्कि इनकी देखरेख करना भी हमारी जिम्मेदारी है इस बात को स्वीकारतें हुए लोग इन दिनों पौधरोपण कर रहे हैं। शादी का सीजन चल रहा है तो लोगों की सालगिरह भी मनाई जा रही हैं। इन दिनों शहर के लोग जन्मनि और शादी की सालगिरह के मौके पर पौधरोपण करना पसंद कर रहे हैं। इसके लिए लोगों को कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। घर के आसपास अच्छी जगह को तलाश कर वहां पर पौधे लगाए जा रहे हैं, पौधे लगाकर भी लोग अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। कोरोना के दौरान यह भी एक तरीका सामने आया है सेलिब्रेशन का। जब लोग न सिर्फ अपने बारे में सोचकर बल्कि पर्यावरण और अन्य लोगों के बारे में सोचते हुए पौधरोपण करना पसंद कर रहे हैं। उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह निवासी अनिल कुमार शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भारती शुक्ला ने भी शादी की सालगिरह के मौके पर अपने खेत में पौधरोपण किया है।

**यदि पर्याप्त मात्रा में पेड़- पौधे लगाए जाएं तो स्थितियां इस तरह से नहीं होगी खराब**



सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा पेड़ पौधों की अहमियत बताने वाला छायाचित्र। जिससे लोग प्रेरित हो रहे।

# शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों पर टूट रहा कोरोना का कहर

## 794 सेम्पल की रिपोर्ट में 137 नए पॉजीटव केस

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए हर दिन जारी हो रहे नए निर्देशों के बीच आज संक्रमण की दर 17 प्रतिशत के आसपास रही। पिछले 24 घंटे में स्वास्थ्य विभाग को मिली 794 सेम्पल की रिपोर्ट में 137 नए पॉजीटिव केस सामने आए हैं। जिसमे मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 467 सेम्पल की रिपोर्ट में 93 और रेपिड एंटीजन टेस्ट की 327 सेम्पल की रिपोर्ट में 44 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। बताया जाता है कि अब शहर की बजाए ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण कहर बनकर टूट रहा है। शहर में इसका कहर थमने के बाद अब गांवों में संक्रमण ने दस्तक दी है। ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में हर दिन बड़ी संख्या में पॉजीटिव केस मिल रहे हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कल गुरूवार को 394 सेम्पल जांच के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजे गए हैं।


**श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)

फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध **डॉ. बलदेव सिंह** MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन, पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल, हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध **डॉ. गगन सोनी** BDS डेंटल सर्जन, कटनी के सुप्रसिद्ध, दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को उपलब्ध

डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध

डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध

24x7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें

- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध — भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था



**रत्ना मैरिज गार्डन**

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

मात्र 21000/- में गार्डन बुक करें



पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

मात्र 75000/- में संपूर्ण व्यवस्था के साथ


### श्रीमती राधिका गुप्ता का निधन



**कटनी।** शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एमजीएम हॉस्पिटल के डायरेक्टर सुरेश गुप्ता की धर्मपत्नी एवं दीपक गुप्ता, डॉ. पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता की मातुश्री श्रीमती राधिका गुप्ता का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थी। निवास पर ही उन्होंने अंतिम सांसे ली। उनके निधन की खबर से बस स्टेंड क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। शुभचिंतकों, स्नेहीजनों एवं इष्टमित्रों ने बस स्टेंड स्थित निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर किया गया। जिसमे कोरोना प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए स्नेहीजन सम्मिलित हुए।

#### विधायक संजय पाठक ने जताया शोक

प्रतिष्ठित उद्योगपति सुरेश गुप्ता की धर्मपत्नी एवं दीपक गुप्ता, डॉ. पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता की मातुश्री श्रीमती राधिका गुप्ता के आकस्मिक निधन पर विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने गहन शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)